# कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग)

मुख्य कार्यालय – संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288–222672, फैक्स :– 07759–221288, 221929
**Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com**

फा.क्र. / 15 / संपदा / 2025 ~~12498~~ 12439 कोरबा, दिनांक 10/11/25

## नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न स्थलों में निर्मित भवन हॉल के आबंटन हेतु निविदा की आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम कोरबा के (1) आई.डी.एस.एम.टी. योजना काम्पलेक्स घंटाघर स्थित प्रथम मंजिल हाल संख्या –03, (2) व्यावसायिक केन्द्र स्थित ब्लाक डी हॉल संख्या–01 (03) गीतांजली भवन द्वितीय मंजील हॉल संख्या –01 एवं (4) विकास भवन प्रथम मंजिल हॉल–01 का नियमित रूप से रख–रखाव के साथ–साथ संचालन हेतु जन सामान्य / विभिन्न संस्थाओं / शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मासिक किरायेदारी पर यथा–स्थिति आबंटन शर्तों के तहत् **03 वर्षीय** लीज अवधि की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु **उच्चतम मासिक किराये ऑफर** निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु इच्छुक संस्था / फर्म सुरक्षा राशि रूपये **1,00,000 / – (एक लाख रूपये)** जमा कर उक्त के रसीद की प्रतिलिपि संलग्न करते हुये **दिनांक** 16/12/2025 अपरान्ह 3:00 **बजे** तक निविदा ऑफर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है, निविदा उसी दिनांक को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष सायं **04.00 बजे** खोली जावेगी।

निविदाकर्ता निविदा के 01 दिवस पूर्व अर्थात **दिनांक** 15/12/2025 तक निविदा प्रपत्र **1,000 / – (एक हजार रूपये)** शुल्क जमाकर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा **सुरक्षा राशि 1,00,000 / – (एक लाख रूपये)** का **डी.डी. / बैंक ड्राफ्ट** के माध्यम से कार्यालय में जमा कर उक्त के रसीद की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करते हुये निविदा में भाग ले सकते हैं। आबंटन हेतु निर्धारित शर्तो का विवरण निगम की वेबसाईड **www.korbamunicipal.in** पर अवलोकन किया जा सकता हैं तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा शाखा (दुकान) से ली जा सकती है। भवन हाल का विवरण निम्नानुसार है :–

| स. क्र. | काम्पलेक्स का नाम | रिक्त हॉल की संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | अमानत राशि | निर्धारित मासिक किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आई.डी.एस.एम.टी. काम्पलेक्स हाल | 3 | 1885 | 175.19 | 100000 | 16500 |
| 2 | विकास भवन प्रथम मंजील हॉल | 1 | 2100 | 195.17 | 100000 | 17500 |
| 3 | व्यावसायिक केन्द्र स्थित ब्लाक डी हॉल | 1 | 1580 | 146.84 | 100000 | 20500 |
| 4 | गीतांजली भवन ब्लाक डी द्वितीय मंजील हॉल | 1 | 2376 | 220.82 | 100000 | 16500 |

नोट :–

01. संलग्न शर्ते किरायेदारी निविदा का अंग माना जावेगा।
02. भवन हाल को यथा स्थिति आधिपत्य में लेना होगा।
03. सुरक्षा राशि जमा रसीद की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा तथा उक्त रसीद क्रमांक व दिनांक का उल्लेख निविदा प्रपत्र की लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

**प्र.संपदा अधिकारी,**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)